**खबर संक्षेप**

## प्राणायाम करने से शरीर रहता है स्वस्थ : रविश

**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाचरौन में सोमवार को सुबह के वक्त प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं फिट रखने के उदेश्य से योग एवं पीटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षक रविश कुमार ने बच्चों को प्राणायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी और विभिन्न योग क्रियाएं करवाईं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक मास्टर साहब सिंह राणा ने किया। योग शिक्षक रविश ने विद्यार्थियों को प्राणायाम के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि प्राणायाम के माध्यम से शरीर के भीतरी अंगों में लगी बीमारियां दूर होती हैं। आज लोग स्वस्थ रहने के लिए योग कर रहे हैं।

## नारियल फोड़कर नए जलघर का उद्‌घाटन



**रादौर।** रादौर के वार्ड नंबर 13 में नया जलघर बनाया गया, जिसका उद्घाटन बीजेपी नेता नेपाल राणा ने सोमवार को नारियल फोड़कर किया। मौके पर उनके साथ वार्ड के पार्षद ऋषिपाल नंबरदार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर नेपाल राणा ने कहा कि वार्ड में पानी की समस्या को लेकर लोग परेशान थे। इसलिए वार्ड के अंबेडकर नगर में जलघर लगाया गया है। लोगों ने नेपाल राणा, एसडीओ रवि नायक व पार्षद ऋषिपाल का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अमनदीप, पार्षद देवेंद्र सैनी, ठेकेदार तरसेम, विपिन, बलवंत, राजपाल, कंवरपाल, मदनदास, लक्ष्मण, हरविंदर, राधेश्याम, सुदेश, कर्म सिंह, दीपक, तरसेम, लक्की, बलदेव, लालचंद व बेबी आदि मौजूद थे।

## लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ अभियान

**यमुनानगर।** जिला पुलिस द्वारा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों ने जिले में नियमों की अनदेखी करने वाले 253 वाहनों के चालान काटे। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ड्रंक एंड ड्राइव, लेन ड्राइविंग, बुलेट पटाखा, प्रेसर हॉर्न आदि के खिलाफ अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि लेन चेंज के 222, ध्वनि प्रदूषण के सात और ड्रंक एंड ड्राइव के 24 वाहन चालकों के चालान किए हैं। यातायात थाना प्रभारी उप निरीक्षक कुशल पाल राणा ने बताया कि ट्रैफिक नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाएगी।

## लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला लापता

**यमुनानगर।** बूडिया थाना क्षेत्र के गांव दादूपुर में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला बिना बताए घर से लापता हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी। गांव दादूपुर निवासी मोहित कुमार ने बूडिया थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसके साथ पिछले काफी दिनों से गांव खारवन निवासी महिला लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। 10 अक्टूबर को वह किसी काम से घर से बाहर गया था। जब वह वापस लौटा तो महिला घर पर नहीं मिली।

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला ने युवक पर छेड़छाड़ करने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी युवक ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का ही मुस्ताक उसे काफी दिन से परेशान कर रहा था। 11 अक्तूबर को शाम छह बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी ने उसे रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध पर मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए।

*बाल भवन में रंगारंग माहौल और पूरे जोश के साथ हुआ बाल प्रतियोगिताओं का आगाज*

# एकल नृत्य में स्वराज स्कूल की हेजल बनी विजेता, अमोहा रही द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला बाल कल्याण परिषद यमुनानगर में सोमवार से बाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिताओं के दौरान एकल नृत्य में स्वराज पब्लिक स्कूल की हेजल ने पहला, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की अमोहा ने दूसरा और आनंद पब्लिक स्कूल के अगमजोत सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। समूह नृत्य में गॉड ब्लेस पब्लिक स्कूल मुजाफत कलां की टीम ने पहला, सरस्वती पब्लिक स्कूल जगाधरी ने दूसरा और इंडियन पब्लिक स्कूल जगाधरी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### खेलों को लेकर किया प्रेरित

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी बच्चों की प्रतिभा को सराहा और उन्हें आगे आने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि खेलों से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए हमें किसी न किसी रूप में खेलों से जुड़े रहना चाहिए। सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। यदि हम बाल्यावस्था से ही खेलों में भाग लेते हैं तो आगे चलकर अच्छे खिलाड़ी बन सकते हैं और राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।



यमुनानगर के बाल भवन में आयोजित प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर प्रतिभागी व अतिथि।

**24 अक्टूबर तक चलेंगी प्रतियोगिताएं**

जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं 13 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक निरंतर चलेंगी। इन प्रतियोगिताओं के पहले ग्रुप में कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक के 25 स्कूलों के लगभग 160 छात्रों ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, फैंसी ड्रेस व बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों, अध्यापकों व अभिभावकों से अपील की कि इन प्रतियोगिताओं में अपने स्कूल के बच्चों के हुनर को निखारने हेतु अवश्य भेजें। निर्णायकों की भूमिका अंजु, सतबीर चौहान और निशा शर्मा ने निभाई। मंच का संचालन दीपक कुमार मंथन ने किया। मौके पर शिक्षाविद् एवं पर्यावरण मित्र गोबिंद सिंह भाटिया, संजीव कुमार, अंकित पांडे, सिल्की, ममता, गुलबशा, संजीव कुमार आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** गांव जुब्बल में क्रिकेट प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि सतीश दताना।

## युवा वर्ग खेलों में भविष्य बनाएं : दताना

**रादौर।** क्रिकेट क्लब जुब्बल द्वारा गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता सतीश दताना ने भाग लिया। उन्होंने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में बाबैन टीम व कांजनू की टीम के बीच मैच हुआ। जिसमें बाबैन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित चार ओवरों में 66 रन बनाए। इसके जवाब में कांजनू की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 54 रन ही बना सकी। बाबैन की टीम ने 12 रन से क्रिकेट प्रतियोगिता जीत ली। इस दौरान बाबैन टीम के खिलाड़ी सुरेंद्र को मैन आफ दी मैच चुना गया। मौके पर मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दताना ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए अति आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं से नशे में फंसने की बजाए खेलों में भाग लेकर भविष्य बनाने का आह्वान किया। मौके पर जुब्बल के पूर्व सरपंच मान सिंह, मास्ट राजपाल मंधार व बलविंद्र सिंह संधाली आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# अवैध कब्जे नहीं किए जाएंगे बर्दाश्त, भवन होंगे सील

भवन निरीक्षकों से बिना नक्शे व अवैध कब्जा कर बने भवनों की जानकारी मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर व जगाधरी की जमीन से अवैध कब्जे हटवाने को लेकर निगम अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों से निगम की जमीन पर कब्जा करने वालों, बिना नक्शे के भवन बनाने वाले और अवैध कब्जे करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सभी भवन निरीक्षकों से अब तक बिना नक्शे व अवैध कब्जा कर बने भवनों की जानकारी मांगी। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी कि अब तक कितने भवन मालिकों को पहला व दूसरा नोटिस दिया। कितने भवन सील किए और कितने भवन ध्वस्त किए। इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए। इसके अलावा नक्शा पास करने संबंधित कितने फाइल निपटाई गई।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

**अवैध कॉलोनियों को न पनपने दें**

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर शिकंजा कसें। कहीं भी कोई अवैध कॉलोनी काटता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें। बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई करें। ऐसे करने वालों को नोटिस दें। अंतिम नोटिस देने के बाद उस भवन को सील करें। यदि कोई बिना अनुमति के सील खोलता है तो उस पर एफआईआर दर्ज कराएं। सीलिंग कार्रवाई के बाद भी यदि भवन मालिक नियमानुसार नक्शा नहीं बनवाता व अन्य शर्तें पूरी नहीं करता तो पुलिस फोर्स की मदद से उस भवन को ध्वस्त किया जाए।

**रिहायशी क्षेत्र में न हो व्यावसायिक कार्य**

रिहायशी क्षेत्रों में व्यावसायिक कार्य न होने दें। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि नगर निगम अपनी जमीन की पहचान के लिए जल्द निशानदेही कराएगा। निशानदेही कराने के बाद जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। निगम की जमीन की तारबंदी या बाउंड्री की जाएगी ताकि इस जमीन को जनहित में इस्तेमाल किया जा सके। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, नगर निगम डीटीपी नरेंद्र सुहाग, एटीपी दर्शन लाल व भवन निरीक्षक नरेश दहिया, भवन निरीक्षक हरिंद्र कुमार, भवन निरीक्षक अमित कुमार व भवन निरीक्षक विशाल चौहान आदि मौजूद रहें।

# भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था चौपट : बुबका



**यमुनानगर।** गांव दुधला में ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों को बताते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमेश कांबोज बुबका।

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को बताईं पार्टी की नीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुधला समेत विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमेश कांबोज बुबका ने अभियान का नेतृत्व किया। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी।

सोमवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता उमेश बुबका के नेतृत्व में गांव दुधला में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की बैठक कर उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया गया और उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छारी माजरी, किशनपुरा, दामला समेत अन्य कई गांव में जनसंपर्क कर लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया।

**भाजपा को घेरा**

अभियान का नेतृत्व कर रहे उमेश बुबका ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल के दौरान गरीब, जरूरतमंद, एससी समाज समेत सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनकी भलाई के लिए कार्य किया है। कांग्रेस पार्टी ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है। देश व प्रदेश में कानून व्यवस्था कांग्रेस राज में सराहनीय थी। लेकिन भाजपा राज में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। प्रदेश में आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। आए दिन दिनदहाड़े लोगों की हत्याएं हो रही हैं। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों का बुरा हाल कर रखा है। आम आदमी को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। इस अवसर पर शाम के वक्त गांव छारी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश बुबका समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने गोगावीर के जागरण में भाग लिया और पूजा अर्चना कर लोगों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# संतान की दीर्घायु को लेकर रखा उपवास

- महिलाओं ने अहोई माता का व्रत रखकर की बच्चों की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले भर में सोमवार को अहोई अष्टमी माता का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने सूर्य उदय से लेकर सूर्यास्त तक निर्जला उपवास रखकर अपनी संतान की लंबी आयु, सुख समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सोमवार सुबह के वक्त महिलाओं ने अपने घरों में अहोई माता की तस्वीर को स्थापित कर निर्जला उपवास रखा। शाम को हर घर में अहोई माता की पूजा की गई। शाम के वक्त घरों में पकवान भी बनाया गया और अहोई माता को भोग लगाया गया। इस दौरान महिलाओं ने अहोई माता की कथा का भी श्रवण किया गया।

पंडित विवेक शर्मा ने बताया कि अहोई अष्टमी पर्व में महिलाओं की गहरी आस्था है। यह पर्व हिंदू समुदाय विशेषकर महिलाओं के लिए गहरा सांस्कृतिक और धार्मिक पर्व है। अहोई अष्टमी का व्रत माताएं अपने बच्चों की भलाई और लंबी उम्र के लिए देवी अहोई माता का आशीर्वाद और सुरक्षा पाने के लिए करती हैं। उन्होंने बताया कि अहोई अष्टमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो बच्चों की तरक्की और दीर्घायु के लिए देवी अहोई या अहोई माता का आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाता है।



**यमुनानगर।** सोमवार को अहोई माता की पूजा करतीं महिलाएं।

**लड़के व लड़कियों दोनों के लिए रखा व्रत**

अकसर माना जाता है कि अहोई पर्व पर महिलाएं लड़कों की लंबी आयु की कामना के लिए व्रत रखती हैं। मगर जिले में महिलाओं ने लड़कियों के लिए भी व्रत रखकर उनकी लंबी आयु की कामना की है। सरोजनी कॉलोनी निवासी सुदेश, कमलेश व मॉडल टाउन निवासी अनीता, भावना व कमला नगर निवासी रश्मी देवी ने बताया कि अपनी बेटियों के लिए भी दिन भर व्रत रखती हैं।

# न्यू हैप्पी स्कूल के कार्निवाल में झूमे बच्चे

- बच्चों ने सोलो सिंगिंग, सोलो डांस, किड्स फैशन शो और पेरेंट्स के साथ रैंप वॉक प्रतियोगिताओं में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में हर्षोल्लास के साथ दिवाली कार्निवाल 2025 का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल को रंगीन दीयों, लाइटों और सुंदर सजावटों से सजाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बीईओ सुनीता गुप्ता उपस्थित हुईं, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्निवाल में यमुनानगर शहर के प्रसिद्ध विक्रेताओं द्वारा फूड स्टॉल्स लगाए गए। साथ ही कला और शिल्प, पेंटिंग, दीपावली सजावट, बच्चों के झूले, पुस्तकों और खरीदारी के स्टॉल्स ने सभी को खूब आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनको सभी ने सराहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा ओपन टैलेंट हंट, जिसमें विद्यालय के बाहर से भी प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सोलो सिंगिंग, सोलो डांस, किड्स फैशन शो और पेरेंट्स के साथ रैंप वॉक जैसी श्रेणियां शामिल थीं। स्कूल की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।



**यमुनानगर।** कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते स्कूल स्टाफ के सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर स्कूल अध्यक्ष जीएस शर्मा, पुरुषार्थ उप्पल, जनक राज, संजीव, डॉ. सुमन मसीह व सुरेश पाल आदि मौजूद रहे।

### रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन में आयोजित हुआ श्री खाटू श्याम जी का विशाल जागरण

# किस्मत वालों को मिलता है खाटू श्याम तेरा दरबार...भजनों ने मोहा मन

जागरण में राजस्थान व हरियाणा के प्रसिद्ध भजन गायकों ने किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में गांव नाचरौन में श्री खाटू श्याम का दूसरे विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में राजस्थान व हरियाणा के प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपने भजनों के माध्यम से श्री खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया। जागरण में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने भाग लिया। उन्होंने श्री खाटू श्याम की मूर्ति के समक्ष पूजा अर्चना कर सभी के आशीर्वाद की कामना की। जागरण में राजस्थान के जयपुर से आईं प्रसिद्ध भजन गायिका साक्षी अग्रवाल ने जैसे ही श्री खाटू श्याम का ... किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार भजन शुरू किया तो पंडाल में बैठे श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर पूरा वातावरण श्री खाटू श्याममयी बन गया। उन्होंने करीब दो घंटे तक श्री खाटू श्याम के भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को कई बार झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, हरियाणा के करनाल से भजन गायक साहिल डोगरा और खेड़ी लक्खा सिंह से भजन गायक अंश पपनेजा समेत अन्य भजन गायकों ने श्री खाटू श्याम के एक से एक मधुर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को रात भर भाव विभोर किए रखा। जागरण के समापन पर श्री खाटू श्याम जी की आरती का आयोजन किया।





**यमुनानगर।** गांव नाचरौन में आयोजित श्री खाटू श्याम के जागरण में माथा टेकते हुए श्रद्धालु व जागरण में मुख्यातिथि नेपाल राणा का स्वागत करते हुए मंडल के सदस्य।

**भंडारे में हजारों भक्तों ने चखा प्रसाद**

मुख्यातिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने श्री खाटू श्याम जी के जागरण के आयोजक श्री श्याम मित्र मंडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन करने से आपस में सौहार्द बना रहता है, वहीं समाज में भाईचारा और आत्मीयता का भाव बढ़ता है। मौके पर श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान डॉ. लाभ सिंह ने बताया कि जागरण के दौरान वातावरण श्री खाटू श्याम की भक्ति से ओतप्रोत रहा। जागरण में नाचरौन समेत आस पास के अन्य गांवों के हजारों लोगों ने श्रद्धापूर्वक श्री खाटू श्याम की महिमा के गुणगान को श्रवण किया। उन्होंने कहा कि मंडल द्वारा यह दूसरे जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों का पूरा सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि विशाल जागरण के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुकेश जेलदार, रेस पाल, राहुल पुंडीर, मुकेश जेलदार, रंजीत राणा, धर्मबीर, विशाल, भूपेंद्र, बिट्टू, मुकेश, रणधीर, टिंकू राणा, धर्मबीर, सतीश, विनोद, राहुल शर्मा, शिवकुमार, साहब सिंह व संदीप राणा आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## डीएमईओ राजीव चौधरी प्रमोट बने जेडएमईओ

**कुरुक्षेत्र।** मार्केटिंग बोर्ड में डीएमईओ के पद पर तैनात राजीव चौधरी पदोन्नत होकर जेडएमईओ(जोनल मार्केटिंग इंफोर्समेंट ऑफिसर) बन गए हैं। पदोन्नति के बाद उनकी पोस्टिंग गुरुग्राम में हुई है। उनकी पदोन्नति पर कुरुक्षेत्र अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के जिला महासचिव धर्मपाल मथाना, पिपली मंडी के प्रधान ऑफिस पिपली पहुंच जिला महासचिव धर्मपाल मथाना, पिपली मार्केट कमेट के चेयरमैन सतीश मथाना, वाइस चेयरमैन अमीरचंद, पवन मदान, पिपली मंडी प्रधान जोगिंद्र रामगढ़, अजय सिंगला, दिनेश सैनी, अजय सैनी, राजबीर सिंह सहित अन्य व्यापारियों ने बधाई दी।

## राजकीय स्कूल पलवल में लगाया मेडिकल शिविर



**कुरुक्षेत्र।** डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र की ओर से राजकीय उच्च विद्यालय गांव पलवल में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि कमर दर्द को नजरअंदाज करना शरीर के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है, आजकल युवा से लेकर बुजुर्ग तक बड़ी संख्या में लोग कमर दर्द की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन अधिकांश लोग इसे सामान्य दर्द समझ कर अनदेखा कर देते है।

## विशाल रक्तदान शिविर 16 को जिला कोर्ट परिसर में

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक जिला कोर्ट परिसर के प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## मेले के लिए तैयारियों में जुटी नगर परिषद की टीम

**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि केशव पार्क में 17 अक्टूबर, 18 अक्टूबर व 19 अक्टूबर को एक स्वदेशी मेला का आयोजन नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में सभी स्टॉल मेक इन इंडिया के तहत स्वदेशी अपनाओ अभियान के तर्ज पर लगाई जाएगी। मेले में जहां आपको हाथों से बनाई हुई वस्तुएं देखने व खरीदने को मिलेगी वहीं मेक इन इंडिया का जो लक्ष्य है। उसकी तरफ भी कम बढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि मेले को लेकर सभी प्रकार की तैयारी चल रही है। इसी के तहत आज नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया।

### थीम पार्क में 17 से 19 अक्टूबर तक चलेगा साझा स्वदेशी बाजार : सुभाष सुधा

# दुकानदार-संस्थाएं अपना उत्पाद समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में होंगे कामयाब

### सेल्फ हेल्फ ग्रुप और अन्य संस्थाएं करेंगी में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में साझा स्वदेशी बाजार का आयोजन बडे स्तर पर किया जा रहा है। इस सांझे स्वदेशी बाजार में स्वदेशी उत्पाद बनाने वाले दुकानदारों को एक मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। इस मंच के माध्यम से यह दुकानदार और संस्थाएं अपना उत्पाद समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कामयाब होंगी। इस सांझे स्वदेशी बाजार का आयोजन 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में साझा स्वदेशी बाजार को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत ही थीम पार्क में सांझा स्वदेशी बाजार सजेगा। इस सांझे बाजार को लेकर जहां स्वदेशी उत्पाद निमार्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है, वहीं कुरुक्षेत्र के नागरिक भी स्वदेशी सामान खरीदने के लिए आतुर नजर आ रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि भारत को अगले कुछ वर्षों में ग्रीन एनर्जी हब के रूप में स्थापित किया जाए। इसी कड़ी में कृषि आधारित ऊर्जा उत्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हाल ही में सरकार ने मक्का से एथोनॉल बनाने की अनुमति प्रदान की थी, जिसका परिणाम ये रहा कि बाजार में मक्का की डिमांड बढ़ गई और आज मक्के के दाम जहां पहले 1200 रूपए प्रति क्विंटल थे वे बढकर 2800 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गए।



**कुरुक्षेत्र।** नए लघु सचिवालय के सभागार में सांझा स्वदेशी बाजार को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

### गन्ना, धान पराली और अन्य फसल अवशेषों से बायो-फ्यूल तैयार करने की योजना

*सुभाष सुधा ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों, जैव ईंधन उत्पादन और वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्रों को नई दिशा दे रही है। देशभर में एथेनॉल, बायो-सीएनजी, बायो-एलएनजी और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे प्रोजेक्ट्स पर तेजी से कार्य चल रहा है, जिससे किसानों को ऊर्जा उत्पादन का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना, धान पराली और अन्य फसल अवशेषों से बायो-फ्यूल तैयार करने की योजना लागू की जा रही है। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि पराली जलाने जैसी समस्याओं का भी समाधान होगा।*

### स्वदेशी सामान लगाने के लिए फ्री मिलेगा स्टॉल

*हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि केशव पार्क में लगने वाले साझा स्वदेशी बाजार के लिए स्टॉल तय किया जा रहे हैं। सभी स्टॉलों पर स्वदेशी सामान नजर आएगा। उन्होंने कहा कि इस बाजार में स्वदेशी वस्तुओं का कोई भी स्टॉल लगा सकता है। बाजार में स्टॉल लगाने का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। इस साझा स्वदेशी बाजार में किसी भी स्वदेशी स्टॉल पर चाइनिज सामान बेचने की इजाजत नहीं होगी और स्थानीय स्वदेशी उत्पाद बनाने वाले दुकानदार भी अपना स्टॉल लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले में हरियाणा व पंजाब के प्रसिद्घ सिंगर लोगों का मनोरंजन करने पहुंचेंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मिट्ट्टी के बर्तन तैयार करने वाले, चटाई बनाने वाले, फलावर डेकोरेशन वाले, तिला कुल्फी बनाने वाले, झाडू बनाने वाले स्टॉल, वाह फाउंडेशन, एवर ग्रीन, स्वयं सहायता समूह, पूजा सामग्री तैयार करने वाले, रंगोली तैयार करने वाले, स्वयं सहायता समूह, वाटर लेवल कंट्रोल प्रोडक्ट, जलेबी वाला, जूट बैग वाले, उनी कपड़े, टेडी वियर, डोल ड्रेस, पंजाबी जूती, खिलौने, हैंडलूम सहित अन्य स्वदेशी सामानों के स्टॉल लगाए जाएंगे।*

### देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ तेजी से बढ़ रहे आगे

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। देश में आज के समय भी रेल के साथ-साथ भारी समान को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए भारी वाहनों की भागीदारी सबसे ज्यादा है। इसलिए अगर नई तकनीकों की मदद से ऐसे भारी वाहनों का निर्माण करें जो डीजल से नहीं बायो फ्यूल से चलते तो इससे लॉजिस्टिक कास्ट में तो कमी आएगी ही बल्कि प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी।

## महिलाओं ने संतान की दीघार्यु के लिए रखा अहोई अष्टमी का व्रत



अहोई माता की कहानी सुनती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में सोमवार को अहोई अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माताओं ने अपनी संतान की सुख समृद्धि, उनकी दीघार्यु, सौभाग्य, आरोग्य, यश कीर्ति, वैभवता एवं के लिए व्रत रखकर पूजा अर्चना की। इस दिन माताएं घर की दीवारों पर अहोई अष्टमी की तस्वीर रखकर पूजा-अर्चना करती हैं। शाम के समय महिलाएं अहोई माता की कहानी सुनती हैं और विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार कर भोग लगाकर चांद को अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। महिला स्वीटी, किरण, सुषमा, आशा व कांता देवी ने बताया कि अहोई माता का पूजन विधि विधान के साथ करते हैं। माता सबकी मन्नतें पूरी करती हैं।

### दीपावली एवं गोवर्धन पूजा और विभिन्न त्योहार का भी शुभारंभ

कहावत के अनुसार माता अहोई अष्टमी के पूजन के साथ ही दीपावली एवं गोवर्धन पूजा और विभिन्न त्योहार का भी शुभारंभ हो जाता है। वर्षों पहले महिलाएं घर की दीवारों पर गेरू, खड़िया और अन्य कच्चे रंगों से अहोई अष्टमी की आकृति तैयार करती थीं, जिसके लिए महिलाएं एक सप्ताह पहले ही तैयारी करना शुरू कर देती थीं, लेकिन आधुनिक जमाने में घर की दीवारों पर मंहगे रंग रोगन होने के कारण और मेहनत से बचने के लिए महिलाओं ने अहोई माता का कैलेंडर लगाकर उसकी पूजा अर्चना शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में साध्वी अरोड़ा प्रथम



साध्वी अरोड़ा।

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद से श्रीकृष्ण आयुर्वेद वेलफेयर एसोसिएशन, हरियाणा द्वारा नेशनल कॉलेज आफ आयुर्वेद, बरवाला के सहयोग से गीता एवं आयुर्वेद विषय पर एक राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण के आयोजन के बाद प्रथम 10% विद्यार्थियों का चयन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के लिए किया गया। द्वितीय चरण की प्रश्नोत्तरी का आयोजन गीता ज्ञान संस्थान में 28 सितंबर को किया गया थाप्रतियोगिता मे श्रीधन्वंतरि आयुर्वैदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल चंडीगढ़ की छात्रा साध्वी अरोड़ा ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, धन्वंतरि आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बरेली की छात्रा आयुषी गंगवार ने द्वितीय प्राप्त किया तथा चौधरी देवीलाल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद जगाधरी की छात्रा महक ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# एलसीएलओ कर्मियों का धरना जारी

### धरने पर बैठी महिलाओं ने सीएम आवास समक्ष की अहोई माता की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 25वें दिन भी जारी रहा।धरने की अध्यक्षता रोहित धानिया रोहतक ने की व संचालन प्रवीण भिवानी ने किया धरने की अध्यक्षता करते हुए रोहित धानिया ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में चल रहा है। राज्य प्रधान नीतू राणी ने बताया कि आज काफी महिलाओं ने होई माता का उपवास रखा हुआ है और सभी ने मुख्यमंत्री निवास कुरुक्षेत्र पर होई माता की पूजा कर कहानी सुनी व होई माता से अपने बच्चों की बजाय हरियाणा सरकार को सद्बुद्धि देनें की प्रार्थना की। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश व रोशन फौजी ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक सरकार कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं ले लेती तब तक सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र से संबंधित सभी विभागीय कर्मचारी इनके धरने को समर्थन व सहयोग करते रहेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** अहोई माता की पूजा करती महिलाएं।

### जिलेभर से शिक्षक साथ खड़े

*इसी कड़ी में आज हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान विरेंद्र सिंह व जिला सचिव सुदर्शन ने कहा कि जिला भर के अध्यापक इनके साथ खड़े हैं। क्रमिक अनशन पर मंजू बादली, किर्ति रोहतक, मीना सिवाच झज्जर, सुनीता झज्जर, नीतू करनाल बैठी। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सरोहा ने अपने संगठन की तरफ से संबोधित करते हुए तन मन धन से पूरा सहयोग व समर्थन दिया। सीटू के जिला प्रधान अनिल कुमार ने कहा कि सरकार को चाहिए कि बातचीत का रास्ता निकाले।*

## आईपीएस आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की जाए : कश्यप

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी सैल के पूर्व प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत प्रवीन कश्यप ने कहा कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में सरकार को चाहिए कि वह निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान करे और उनक खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। प्रवीन कश्यप ने हरियाणा सरकार से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मामले में सुसाइड नोट भी मिला है, इसलिए एफआईआर को कानूनी रूप से दर्ज किया जाना चाहिए और किसी भी तरह का राजनीतिक या प्रशासनिक डायवर्जन नहीं होना चाहिए।



# रीला भाषण स्पर्धा में गूंजी नन्हे स्वरों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- रोटरी क्लब पिहोवा की ओर से आज अर्बर ग्रो स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

रोटरी क्लब पिहोवा की ओर से आज अर्बर ग्रो स्कूल में आयोजित रीला (रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड) के अंतर्गत नन्हे स्वर एक भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने शानदार भाषणों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीना विर्क व नीरज वर्मा प्रिंसिपल राजा देवी कालेज भेरियां रही, जबकि नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, उप प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड सदस्य रामधारी शर्मा, सरस्वती मिशन हॉस्पिटल के एमडी डॉ. सुदर्शन चुघ, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान विभु दर्शन मुरार, एजीएस स्कूल के चैयरमेन शिव दर्शन मुरार और कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल के एमडी लव तलवार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



### युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना उद्देश्य

*मुख्य अतिथि टीना विर्क ने कहा कि रीला का अर्थ रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड है। इसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि स्वच्छता और शिक्षा दोनों ही राष्ट्र निर्माण के स्तंभ हैं। बच्चों को इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने कहा की रोटरी सदैव समाज और युवाओं के विकास के लिए समर्पित रहा है। क्लब सचिव गौरव बंसल ने कहा कि रीला जैसे आयोजन बच्चों को खुलकर अपनी बात रखने और नेतृत्व गुणों को निखारने का मंच देते हैं। इस अवसर श्रीमती उषा मुरार, प्रिंसिपल डॉक्टर प्रोमिला बत्रा, डॉ. अवनीत वड़ैच, पूर्व प्रधान दीपक, भरत तनेजा बवेजा, मोहित चावला सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।*



## 9 नवंबर को कुरुक्षेत्र में कच्चे सफाई कर्मचारी एकजुट होकर करेंगे प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के नगर परिषद कार्यालय में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के सफाई कर्मचारियों की एक संयुक्त कन्वैंशन नगर परिषद कुरुक्षेत्र के कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप से की नगरपालिका कर्मचारी संघ के नेता सुभाष गुंनसर व ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा जिला प्रधान राजेंद्र कुमार बेरथली ने की और मंच का संचालन सतपाल सिंह ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रुप में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के राज्य प्रधान बसाऊ राम ने मिटिंग में शामिल सफाई कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा के 21 सितम्बर को रोहतक में सभी विभागों के कच्चे सफाई कर्मचारियों की कन्वैंशन हुई थी जिसमें सभी विभागों से आए हुए सभी संगठनों के पदाधिकारियों की सहमति से अलग सफाई कामगार संघर्ष समिति का गठन किया गया।

# सांसद जिन्दल ने बेटियों के कौशल विकास के लिए की पहल : कृष्मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- नवीन जिन्दल फाउंडेशन और आईबीएम के बीच हुआ एमओयू

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, ढांड-डडवाना में शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ हुआ। आज महाविद्यालय के प्रांगण में नवीन जिन्दल फाउंडेशन और विश्व विख्यात कम्पनी आईबीएम के बीच, इनोवेशन सेंटर फॉर एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह कार्यक्रम सांसद नवीन जिन्दल के विजन और घोषणा के अनुरूप शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र की बेटियों को नई तकनीकों में दक्ष बनाकर आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाना है। इस समझौते के तहत आईबीएम, अपने विश्वसनीय साझेदार ट्रांस न्यूरॉन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से, कॉलेज की 152 छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शार्ट टर्म कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑफ्लाइन मोड में कॉलेज कैंपस में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अवधि ढाई से तीन महीने की होगी। इस दौरान आईबीएम के विषय विशेषज्ञ, छात्राओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्रदान करेंगे। इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली सभी छात्राओं को आईबीएम सर्टिफिकेशन प्रदान किया जाएगा।






## गांव भटेड़ी के कंबोज प्लांट में 18 लाख रुपये की लागत से होगा सीवरेज का कार्य : कंवलजीत कौर

**पिहोवा।** जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी और निकासी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भर में लोगों की ऐसी समस्याएं दूर करने के लिए अभियान चला हुआ है। जिससे सैकड़ों गांव लाभांवित हुए हैं। चेयरपर्सन कंवलजीत कौर गांव भटेड़ी के कंबोज प्लाट में 18 लाख रुपए की लागत से डलने वाले सीवरेज के उद्घाटन अवसर पर बोल रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लगभग दो दशक से यह मांग चली आ रही थी। लेकिन भाजपा से पिछली सरकारों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने सभी औपचारिकताएं पूरी करवा कर 18 लाख रुपए की स्वीकृति इस कार्य के लिए दी है। इससे ग्रामीणों को पानी निकासी की समस्या से निजात मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान में भी यह योजना एक अच्छी पहल के रूप में जानी जाएगी।

## हरियाणा राज्य रेडक्रास के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने रचा इतिहास

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय रेडक्रॉस समिति के युवा वाईस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी के चुनावों में रिकॉर्ड जीत दर्ज कर इतिहास रचा है। भारतीय रेडक्रास सोसायटी, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में प्रबंध कार्यकारिणी में कुल 18 सदस्य होते है जिसमें 06 सदस्यों को माननीय राष्ट्रपति महोदय के द्वारा मनोनीत किए जाते है तथा 12 सदस्यों को संपूर्ण भारत के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण के राज्यों द्वारा चुनाव प्रणाली द्वारा चुना जाता है। भारतीय रेडक्रास सोसायटी, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को संपन्न हुए। जिसमें हरियाणा राज्य के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने जीत दर्ज करते हुए इतिहास रचा है। राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव में कुल 28 राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने मत का प्रयोग किया। जिन्होंने हरियाणा राज्य रेडक्रास के पक्ष में मत देकर अंकुश मिगलानी की जीत में अपनी सहभागिता जाहिर की। जिसका मुख्य कारण पूरे भारत वर्ष में मानवीय कल्याण हेतु चलाई जा रही गतिविधियों का व्यवहारिक रूप से जन-जन को जोड़ना और उनको लाभ पहुंचाना।



**त्योहार** | मिठाइयों, कपड़े, गिफ्ट व सजावटी समान की दुकानों पर उमड़ी भीड़

# त्योहारों के चलते बाजारों में रौनक, जमकर हो रही खरीदारी



**पिहोवा।** बाजार में रखा सजावटी सामान।

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा

त्योहारों के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। मिठाइयां,कपड़े, गिफ्ट आइटम, और सजावटी सामान की दुकानों तक खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। जिसे लेकर हमें सुरक्षा और सेहत को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है आईए जानते हैं इस विषय पर बुद्धिजीवी लोगों की राय।

### धोखाधड़ी करने वालों से बचाव जरूरी : वड़ैच



*वरिष्ठ भाजपा नेता एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ अवनीत वड़ैच ने कहा कि त्योहारों को लेकर लोगों में उत्साह तो होता है, लेकिन अक्सर लापरवाही भी देखने को मिलती है। भीड़भाड़ में जेबकतरों और धोखाधड़ी करने वालों से बचाव जरूरी है। त्योहारों का आनंद तभी पूर्ण होता है जब उसमें सुरक्षा, स्वच्छता और सजगता का समावेश हो।*

### पटाखे जलाते समय बच्चों को अकेला न छोड़े : प्रिंस



*भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने कहा कि पटाखों के फटने से निकलने वाली चिंगारियां और धुआं आंखों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी है कि पटाखे जलाते समय बच्चों को अकेला न छोड़ें और आंखों में किसी प्रकार की समस्या होने पर साफ पानी से धोकर नजदीकी नेत्र चिकित्सक से संपर्क करें।*

### त्योहार खुशियों का प्रतीक : डॉ. राजेंद्र



*डॉ. राजेंद्र मंगला ने कहा कि त्योहार खुशियों का प्रतीक हैं, लेकिन बाजारों में सामान खरीदते समय सावधानी बरतना हर नागरिक का कर्तव्य है। बिना जांचे-परखे खाद्य पदार्थ न खरीदें और उत्पाद की एक्सपायरी डेट चेक करें। थोड़ी सी सतर्कता न केवल सेहत बल्कि समाज की खुशियों को भी सुरक्षित रखती है।*

### त्योहार को मिलजुल कर मनाए : विशाल



*प्लैटिनम होटल के एम.डी. विशाल चावला ने कहा कि त्योहार मिलजुल कर मनाए जाने चाहिए। इसलिए एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए केवल विकास नहीं बल्कि एक दूसरे के प्रति प्रेम और सहयोग की भावना भी जरूरी है। त्योहार हमें यही सिखाते हैं कि मिलजुल कर रहने में ही जीवन की असल मिठास है।*

### खुले में बिकने वाली खाद्य सामग्री न लें : चौबे



*वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गांव धनीरामपुरा के युवा सरपंच विकल कुमार चौबे ने कहा कि खुले में बिकने वाली खाद्य सामग्री का बिल्कुल प्रयोग न करें क्योंकि इनमें धूल, गंदगी व कीटाणुओं का खतरा अधिक रहता है जो सेहत के लिए हानिकारक है। खाद्य सामग्री ढकी हुई व पैकिंग वाली ही खरीदनी चाहिए और उनकी निर्माण तिथि व गुणवत्ता आदि की जांच अवश्य करें।*

